सूझे ना राह बाबा करदे निगाह बाबा

सूझे ना राह बाबा करदे निगाह बाबा
बिन तेरे जाऊं कहाँ बाबा
चरणों में देदे जगह सांवरे
सूझे ना राह बाबा ....

छाया हैं अँधेरा अब करदे उजाला
तू ही है भरोसा मेरा तू ही रखवाला
थामो ना बाहन बाबा करदे निगाह बाबा
बिन तेरे जाऊं कहाँ बाबा
चरणों में देदे जगह सांवरे
सूझे ना राह बाबा ....

एहसान होगा तेरा देगा जो सहारा
अपना ना कोई यहाँ सबसे मैं हारा
देदे ना छाँव बाबा करदे निगाह बाबा
बिन तेरे जाऊं कहाँ बाबा
चरणों में देदे जगह सांवरे
सूझे ना राह बाबा ....

शरण पड़ा हूँ मुझे श्याम सम्भालो
ठुकराया सबने है तुम अपना लो
राघव की छ बाबा करदे निगाह बाबा
बिन तेरे जाऊं कहाँ बाबा
चरणों में देदे जगह सांवरे
सूझे ना राह बाबा ....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20945/title/suje-na-raah-baba-karde-nighaa-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |